भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी : भारतीय रिज़र्व बैंक

चर्चा में क्यों?

रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) द्वारा एक्सचेंज मैनेजमेंट पर जारी छमाही रिपोर्ट के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार कमी हो रही है।

प्रमुख बिंदु

- विदेशी मुद्रा भंडार से संबंधित रिज़र्व बैंक द्वारा ज़ारी आँकड़ों के अनुसार, पिछले 10 महीनों में विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आई है।
- आँकडों के अनुसार, 29 जून, 2018 को विदेशी मुद्रा भंडार 406.05 बिलियन डॉलर था जबकि उससे पूर्व सप्ताह में 22 जून, 2018 को देश का विदेशी मुद्रा भंडार 407.81 बिलियन डॉलर था।
- मार्च 2017 में विदेशी मुद्रा भंडार 370 बिलियन डॉलर था, जबकि दिसंबर 2017 में यह 409 बिलियन डॉलर था।
- रिज़र्व बैंक द्वारा ज़ारी नवीनतम आँकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार 406 बिलियन डॉलर पर पहुँच गया।
- अल्पावधि ऋण में विदेशी मुद्रा भंडार का अनुपात जो कि मार्च 2017 के अंत में 23.8% था, दिसंबर 2017 के अंत में भी उसी स्तर पर बना रहा।
- विदेशी मुद्रा भंडार में अस्थिर पूंजी प्रवाह का अनुपात जो कि मार्च 2017 के अंत में 88.1% था, दिसंबर 2017 के अंत तक घटकर 86.9% हो गया।
- रिज़र्व बैंक के पास 560.32 टन स्वर्ण भंडार है, जिसमें से 268.01 टन स्वर्ण बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (BIS) के पास सुरक्षित है।
- 399.44 बिलियन डॉलर की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में से 262.01 बिलियन डॉलर प्रतिभूतियों में निवेश किये गए थे, अन्य केंद्रीय बैंकों और BIS में 109.67 बिलियन डॉलर जमा किये गए थे और वाणिज्यिक बैंकों में 27.76 बिलियन डॉलर जमा थे।22 जून, 2018 तक विदेशी मुद्रा भंडार (बिलियन डॉलर में)

22 जून, 2018 तक विदेशी मुद्रा भंडार (बिलियन डॉलर में) कुल
1.
2.
3.
4.
कुल

आयात कवर (Import Cover)

- आयात कवर (Import Cover) मुद्रा की स्थिरता का एक संकेतक है।
- आमतौर पर आयात कवर के 10 महीनों को मुद्रा के लिए स्थिरता के रूप में देखा जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/deficit-of-india-foreign-exchange-reserves-reserve-bank-of-india